wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-50 सागवाड़ा, गुरुवार, 14 अक्टूबर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## बिजली का सीमित व विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान में बिजली संकट लगातार गहराता जा रहा है। इसी के चलते मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर प्रदेश की जनता से बिजली बचाने की अपील की है। सीएम गहलोत ने प्रदेशावासियों से बिजली बचाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश ही नहीं, पूरा देश इस समय भयंकर बिजली संकट से जूझ रहा है। मुख्यमंत्री गहलोत ने गुरुवार को ट्वीट करते हुए कहा कि प्रदेश ही नहीं, पूरा देश इस समय भयंकर बिजली संकट से जूझ रहा है। राजस्थान भी इससे अछूता नहीं है। मौसम तंत्र के परिवर्तन से बिजली की मांग अधिक हो गई है। मांग और आपूर्ति में अंतर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कोयले की आपूर्ति बढ़ाने हेतु निरंतर केंद्र सरकार के संपर्क में है ताकि बिजली उत्पादन सुचारू रूप से चल सके व लोगों को निर्बाध बिजली सप्लाई मिल सके।

## RSS को दशहरे पर जयपुर में पथ संचलन की अनुमति नहीं

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS ) को राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने दशहरा पर पथ संचलन की अनुमति नहीं दी है। जिससे बीजेपी में गुस्सा है। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार के निर्देश पर जयपुर जिला प्रशासन की ओर से विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन को अनुमति नहीं देने की कड़े शब्दों में निंदा की है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने आरोप लगाया है कि पिछले दिनों कांग्रेस के जयपुर में ही कई प्रदर्शन हुए। जिनमें मुख्यमंत्री समेत मंत्री शामिल हुए तब कोरोना गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाई गईं।

## सागवाड़ा के सरकारी अस्पताल में लंबे समय से बन्द पडे ब्लड बैंक का शुभारम्भ कल

**सागवाड़ा।** सपना फाउंडेशन सागवाड़ा प्रभारी राहुल सेवक सिलोही ने बताया कि राजकीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय सागवाड़ा में स्थापित ब्लड बैंक की लैब खोले जाने के सभी रास्ते साफ हो गए है। कोरोना संक्रमण की वजह से अधर में लटके ब्लड बैंक के पुन: शुभारम्भ में अब कोई रूकावट पैदा नहीं होगी।


मेडिकल प्रशासन से पीएमओ राजाराम मीणा, ब्लड बैंक प्रभारी शंभु कच्छावा, वरिष्ठ लेब टेक्नीशियन मानशंकर ताबियाड के सहयोग से ब्लड बैंक की सुविधा पुन: शुरू होगी। उन्होंने बताया कि सपना फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 15 अक्टूबर प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा।

# गरबा देख घर लौट रहे गोवाड़ी के दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

## बीती रात गामडा ब्राह्मणिया मोड़ पर एक निजी बस का चालक तेज गति व गलफत लापरवाही से चलाता हुआ व गलत साईड टक्कर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया

**सागवाड़ा।**

सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेन्द्र सोलंकी के अनुसारी गोवाड़ी निवासी अरविन्द पुत्र कचरुजी पाटीदार ने दी रिपोर्ट में बताया कि छोटा भाई गोवाड़ी निवासी कमलेश (34) पुत्र कचरुजी पाटीदार काका का लड़का दिलीप पुत्र भगवतीलाल पाटीदार की मोटर साइकिल लेकर रात करीब 10 बजे उसके दोस्त गोवाड़ी निवासी रोशन (26) पुत्र कालुराम पाटीदार के साथ नन्दौड़ गांव में गरबा देखने गया था। दोनों गरबा देखकर मध्य रात्रि सवा बारह बजे रवाना हो गोवाड़ी मोटर साइकिल से लौट रहे थे। रात करीब साढ़े बारह बजे गामडा ब्राह्मणिया मोड़




पर पहुंचे। सामने से एक निजी बस का चालक तेज गति व गलफत लापरवाही से चलाता हुआ व गलत साईड टक्कर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। बस ने मोटर साइकिल तथा सवारों को करीब 20 से 30 फीट तक घसीटता हुआ ले गया। अरविन्द एवं कमलेश पुत्र शिवराम पाटीदार गोवाड़ी मौके पर ही थे तथा दौड़कर पास में जाकर देखा। कमलेश व रोशन पाटीदार के शरीर पर गभीर चोंटे आने से दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। बस की टक्कर से दोनों के शरीर क्षत विक्षित हालात में हो गए थे। यूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कमलेश व रोशन की शव को 108 एबुलेंस की सहायता से राजकीय चिकित्सालय के पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाए।

प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा चिकित्सालय में मौजूद रहे। गुरुवार सुबह में एसआई गोपाललाल शर्मा में पंचनामा तैयार कर तथा परिजनों से रिपोर्ट लेकर पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बस एवं मोटर साइकिल को जब्त कर पुनर्वास कॉलोनी चौकी में रखवाई।

## सुबह पिता ने देखा तो रस्सी के फंदे पर लटका मिला बेटा



**डूंगरपुर।** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में युवक ने रस्सी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मृतक के माता-पिता घर के आगे के कमरे में सोये हुए थे। सुबह जागने पर बेटे को फंदे पर लटका देखकर होश उड़ गए। बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि अरविंद (18 ) घर में रस्सी से फंदा बनाकर लटक गया। मृतक के पिता खातू डामोर निवासी शिशोद फला उम्मेदरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। बुधवार को अरविंद ने खेतों में मक्का की फसल काटकर घर लाकर रखी थी। रात को परिवार के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। माता-पिता भी घर के आगे के कमरे में सोए थे। आज सुबह पिता बेटे के कमरे में गया,तो हादसे का पता चला। सूचना पर पुलिस मय जाब्ता मौके पर पहुंची। शव को नीचे उतारकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

## शराब तस्कर को हथियार के साथ पकड़ा, 1 एयरगन, 4 जिंदा कारतूस बरामद

**डूंगरपुर।** जिला स्पेशल पुलिस टीम ने बुधवार देर रात गुजरात में शराब तस्करी के 6 से ज्यादा मामलों में आरोपी को गिरफ्तार किया। 1 एयरगन, 4 जिंदा कारतूस ओर 1 एयरगन कार्टिज बरामद किया गया। पूछताछ में धमकाने के लिए एयरगन पास में रखने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि उम्मेद सिंह पुत्र तेज सिंह राव (38 ) निवासी भटवाड़ा थाना झल्लारा उदयपुर को गिरफ्तार किया गया है। युवक देशी पिस्टल और कारतूस लेकर साबेला बाइपास रोड पर तालाब के पास खड़ा था। एएसआई, डीएसटी हेड कांस्टेबल नवीन कुमार के साथ टीम युवक को पकड़ने साबला पहुंची। पुलिस जीप को देखकर नवाडेरा की ओर भागने लगा। जिसे पीछा कर पकड़ लिया गया। जेब की तलाशी में एक एयरगन,4 जिंदा कारतूस 7.65 एमएम और कार्टिज बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि युवक जिंदा कारतूस रखने को लेकर कोई लाइसेंस नहीं बता सका। एयरगन रखने को लेकर भी कोई सही कारण नहीं बता पाया। युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली थाना लाकर पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि लोगों को धमकाने के लिए एयरगन रखता था। अवैध तरीके से हथियार में बारे में पूछताछ की जा रही हैं।

**आरोपी पर गुजरात में 6 से ज्यादा केस दर्ज**- एयरगन और कारतूस के साथ गिरफ्तार आरोपी उम्मेद सिंह राव गुजरात में शराब तस्करी के मामलों में भी लिप्त है। आरोपी के खिलाफ गुजरात में आधा दर्जन केस दर्ज है,जिसमें शराब तस्करी के मामले है। माना जा रहा है आरोपी शराब तस्करी के दौरान एयरगन डराने धमकाने के लिए साथ रखता था।

## मोबाईल वैन द्वारा गांवों में जाकर विधिक सेवा प्राधिकरण से अवगत कराया

**डूंगरपुर।**

आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का ''अमृत महोत्सव'' मनाया जा रहा है जिसके क्रम में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा प्रेषित निर्देशानुसार पेन इण्डिया अवेयरनेस एवं आउटरीच केम्पेन तथा विधिक सेवा सप्ताह हेतु विशेष जागरूकता व आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन दिनांक 2 अक्टूबर से 14 नवम्बर के मध्य डूंगरपुर जिले में आयोजित किया जा रहा है।

जिसके तहत जिले में गठित टीमो द्वारा गांव-गांव ढाणी-ढाणी जाकर प्रत्येक व्यक्ति तक विधिक सेवा की पहूंच सुनिश्चित करने के क्रम में में घर-घर जाकर लोगो को कानूनी जानकारी प्रदान की गई। पैरालीगल वॉलियन्टर ने विधिक सेवा के उद्देश्य एवं लोगों को अपने मौलिक अधिकारों एवं सामन्य जीवन में न्याय व्यवस्था से रूबरू कराया। ''न्याय आपके द्वार'' की संकल्पना को साकार करने, विधिक साक्षरता के साथ सचल लोक अदालत के रूप में मोबाईल वैन द्वारा भी वागदरी, देवलपाल, देवलखास, वडापाल, खेडा, मनपुर, दोवडा, माथुगामाड़ा इत्यादी गांवों में जाकर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को अवगत कराया गया। अशोक कुमार यादव पी.एल.वी एवं सहायक कर्मचारी कैलाश ननोमा द्वारा मोबाईल वैन के साथ रहकर नालसा की स्कीम आदिवासियों के अधिकारों व हितों का संरक्षण योजना एवं कोरोना महामारी से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की।

## सतीश पूनिया सपरिवार पहुंचे त्रिपुर सुंदरी मंदिर, पूजा की




**बांसवाड़ा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया गुरुवार को नवमीं के दिन मां त्रिपुर सुंदरी के दरबार में पहुंचे। पत्नी, पुत्र और पुत्री के साथ पूनिया ने मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुतियां दीं। इस मौके पर उन्होंने तलवार से कद्दू फल और कच्चे नारियल की बलि वाली रस्म भी पूरी की। बांसवाड़ा में पार्टी जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह राव ने पूनिया का स्वागत किया। उनके साथ राज्यमंत्री भवानी जोशी, धन सिंह रावत, दलीचंद मईड़ा, नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता ओम पालीवाल, हकरू मईड़ा, घाटोल विधायक हरेंद्र निनामा, गढ़ी विधायक कैलाश मीणा मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में लगे सभी प्रकार के चिकित्सा उपकरणों को जनहित में 24 घंटे सुचारू रूप से शुरू रखने की मांग

### पूर्व सांसद भगोरा ने लिखा चिकित्सा मंत्री को पत्र

**डूंगरपुर।** पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने गुरुवार को प्रदेश के चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा को पत्र लिखकर बताया कि वर्तमान समय मे मुझे आमजन से प्राप्त जानकारी के अनुसार डूंगरपुर जिले के मेडिकल कॉलेज में लगे अधिकांश उपकरण जो कि किन्ही तकनीकी कारणों से खराब पड़े है जिसके चलते आमजन को रूटिंग की छोटी-मोटी विभिन्न जांचों के लिए निजी क्लीनिकों पर जाकर जांचे करवानी पड़ रही है जिससे आमजन को आर्थिक भार वहन करना पड़ता है और खासकर मुख्यमंत्री जी की ऐतिहासिक चिरंजीवी योजना का मूल उद्देश्य पुरा होने में बाधाएं उत्पन्न हो रही है ऐसे में डूंगरपुर जिले के मेडिकल कॉलेज की विशेष मॉनिटरिंग करवाते हुए यहां स्थापित सभी प्रकार के उपकरणों की सुविधा जनहित में 7*24 घण्टे सूचारू रूप से शरू रखने की अनुमति प्रदान करावे जिससे आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए कहि पर भी भटकना नही पड़े और मेडिकल कॉलेज में ही मरीज का सम्पूर्ण इलाज नि:शुल्क सम्भव हो सके ।

## अतिशय तीर्थ योगीन्द्रगिरी पर सिद्धचक्र महामंडल विधान का दूसरा दिन धार्मिक अनुष्ठान हुए




**सागवाड़ा।**

अतिशय क्षेत्र तीर्थ योगीन्द्रगिरी पर आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान के दूसरे दिन गुरुवार को प्रखरवक्ता आचार्य अनुभव सागर महाराज ने कहा है कि स्वयं के कर्मों से ही फल की प्राप्ति होती है और कोई भी कार्य कैसे किया जाए यह महत्व नहीं रखता लेकिन कितना किया गया इसका बड़ा महत्व होता है। उन्होंने धर्मसभा में कल्याण मंदिर स्त्रौत के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि भक्ति और स्तुति से कर्मों के परिणाम तक बदल जाते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में तो परिणामों के परिवर्तन से ही कर्मों की सार्थकता सिद्ध होती है। आचार्य अनुभव सागर महाराज ससंघ के सानिध्य मे यजमान भूरी देवी रतनलालजी खोडनिया परिवार द्वारा आठ दिवसीय सिद्ध चक्र महामण्डल विधान के दूसरे दिन सुबह जिनेन्द्र भगवान का अभिषेक, शान्तिधारा, नित्यमह पूंजन,विधान पूजन आदि धार्मिक कार्यक्रम एवं विधि विधान से अनुष्ठान सकल दशा हुमड दिगम्बर जैन समाज के संयोजन में संहितासूरी प्रतिष्ठाचार्य हंसमुख जैन तथा पं. भागचंद जैन धरियावद के तत्वाधान में संपन्न हुए। धर्मसभा से पहले मंच पर पूर्व आचार्य चरित्रिक चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर महाराज तथा आचार्य अभिनंदन सागर महाराज के चित्रों का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन पीठ, मुंबई, ओबरी आदि स्थानों से सभा में मौजूद अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत और सम्मान दशा हुमन दिगंबर जैन समाज के सेठ महेश कुमार नौगमिया सहित समाज के ट्रस्टीगंण तथा समाज के वरिष्ठ श्रेष्ठीजनो ने किया जबकि आचार्य के पाद प्रक्षालन का लाभ शरद बोबडा परिवार ने प्राप्त किया।

धर्मसभा तथा विधान में उपस्थितसमस्त आगंतुक श्रद्धालुओं का खोडनिया परिवार की ओर से दिनेश खोडनिया ने शब्द सुमन से स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# 4 बच्चों की मां फंदे पर लटकी मिली


## पीहर पक्ष ने महिला के पति और उसके परिवार पर प्रताड़ित करने और हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया

**डूंगरपुर।** बिछीवाड़ा थाना इलाके में महिला का शव घर में ही फांसी के फंदे पर लटका मला। पीहर पक्ष ने महिला के पति और उसके परिवार पर प्रताड़ित करने और हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव ससुराल पक्ष को सौंप दिया। बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि मंजुला (40) घर में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मृतका के बेटे अजय पंडवाला ने अपने ननिहाल में फोन कर हादसे की सूचना दी। जिस पर पीहर पक्ष डूंगरपुर आया। मृतका के भाई ने बताया कि उसकी बहन की शादी 21 साल पहले प्रकाश पंडवाला निवासी पाल पादर हांदा फला के साथ हुई थी।

जीजा और उसके परिवार के लोग बहन से मारपीट कर परेशान करते थे। 7 दिन पहले भी बहन के घर गए थे। तब उसने मारपीट की बात बताई थी। पुलिस ने मृतका के भाई प्रकाश परमार निवासी उदयपुर की रिपोर्ट पर पति मुकेश व काका के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। महिला के 3 बेटे और एक बेटी है।

# बारी गांव के प्रेमी युगल ने जहर पी कर आत्महत्या की

**बांसवाड़ा।** दानपुर थाना क्षेत्र के बारी गांव प्रेमी युगल के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। आत्महत्या से पहले दोनों अंतिम बार मिले और इसके बाद जहर पी लिया। पुलिस ने विवाहिता के शव के पास से कपास में छिड़कने वाली दवा की शीशी बरामद की है। इससे पहले सुबह गुरुवार सुबह करीब 8 बजे ग्रामीणों ने युवक को तड़पते हुए देखा। उसे सीधे एमजी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां दौराने उपचार उसने दम तोड़ दिया। वहीं कुछ दूरी पर विवाहिता मरी हुई मिली।



विवाहिता का बारी में पीहर है, जबकि युवक वहीं का रहने वाला है। विवाहिता की शादी करीब 4 साल पहले हुई थी। वहीं युवक अब तक कुंवारा था। दानपुर थानाधिकारी रमेशचंद्र ने बताया कि बारी निवासी कमलेश (20) पुत्र सुखलाल मईड़ा को ग्रामीणों ने सुबह के समय जंगल में देखा। उसके मुंह से झाग निकल रहे थे, जबकि वह मौके पर तड़प रहा था। यह देख स्थानीय लोगों ने उसे टैम्पो से एमजी हॉस्पिटल पहुंचाया। वहीं करीब 20 फीट दूरी पर तालाब ग्राम पंचायत नापला निवासी शारदा (22) पत्नी कलसिंह निनामा का शव मिला। शारदा का यहां बारी में पीहर है। शारदा बुधवार शाम को ससुराल से पीहर आई थी। इसके बाद रात के समय संभवत: उनकी मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों ने एक साथ जहर पी लिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

### फाइनेंसकर्मियों से लूटपाट की वारदात का 72 घंटे में खुलासा

# वड़ापाल के आरोपी 2 दोस्त गिरफ्तार, रैकी कर लूटपाट की वारदात को दिया था अंजाम

**डूंगरपुर।** दो दिन पहले बोखला गांव के पास एक फाइनेंसकर्मी से 25 हजार 952 रुपये को लूट की वारदात का बिछीवाड़ा पुलिस ने 72 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने वड़ापाल गांव के 2 आरोपी दोस्तो को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पहले फाइनेंसकर्मी की रैकी के बाद लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीतसिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर को सेटिन क्रेडिट केयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी निरंजन कुमार खटीक निवासी प्रतापगढ़ के साथ लूटपाट की वारदात हुई थी। निरंजन कुमार गामड़ी देवल ओर फिर बोखला गांव में स्वे सहायता समूहों से लोन राशि की किश्तें लेकर लौट रहा था कि एक बाइक पर आए 2 बदमाशो नव उसे बाइक से नीचे गिराकर 25 हजार 952 रुपये के साथ एक टैबलेट और दस्तावेज लूटकर फरार हो गए थे। वारदात के बाद थानाधिकारी रणजीतसिंह के नेतृत्व में एएसआई नरेंद्रसिंह, हेड कांस्टेबल हेमेंद्रसिंह, लक्ष्मण सिंह व नरेंद्रसिंह की टीम ने मामले में जांच शुरू कर दी। तकनीकी और मुखबीर तंत्र से जांच में पुलिस को कई सुराग मिले। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि लूटपाट करने वाले आरोपी देवलपाल की तरफ से शिशोद की तरफ आ रहे है। इस पर पुलिस ने शिशोद पुलिये के पास आते ही रोक लिया, लेकिन पुलिस से बचकर भागने का प्रयास करने लगे। जिस पर पुलिस ने आरोपी मनीष उर्फ चिंटू (19 वर्ष) पुत्र जवाहरलाल डामोर निवासी वड़ापाल और जगदीश (20 वर्ष) पुत्र गणेश भणात निवासी वड़ापाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने फाइनेंसकर्मी से लूटपाट की वारदात करना कबूल कर लिया। दोनो आरोपी एक ही गांव के होने से आपस मे दोस्त थे। आरोपी युवको को फाइनेंसकर्मी के स्वयं सहायता समूहों से लोन की किश्तें वसूली के लिए आने का पता था, जिस कारण दोनों से मिलकर लूट की योजना बनाई और उसी रास्ते से कई बार गुजरे। इसके बाद 12 अक्टूबर को जैसे ही फाइनेंसकर्मी बोखला में स्वयं सहायता समूहों से रुपये लेकर ओर कुछ आगे निकलते ही लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। मामले में पुलिस आरोपी दोस्तो से पूछताछ कर रही है, जिसमें कई खुलासे हो सकते है।